श्री संजयकुमार शिवभाई पटेल

श्री संजयकुमार शिवभाई पटेल को व्यापार और सामुदायिक कल्याण के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

श्री पटेल दक्षिण सूडान में भारतीय संघ के अध्यक्ष हैं। दक्षिण सूडान में 2013–2018 के जातीय संघर्ष के दौरान आपने अपना सुपरमार्केट चलाकर असाधारण धैर्य, सहनशीलता और मानवता का परिचय दिया जिससे आपको आम जनता और नेताओं के बीच सम्मान प्राप्त हुआ।

आपके परोपकारी कार्यकलापों ने अपार सद्भावना पैदा की है तथा दक्षिण सूडान में भारत और भारतीयों के बारे में बेहतर समझ को बढ़ावा दिया है। आपने अपने खर्च पर दक्षिण सूडान में एकमात्र हिंदू मंदिर की स्थापना की और उसका प्रबंधन कर रहे हैं, जिससे देश में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिला।

Mr. Sanjaykumar Shivabhai Patel

Mr. Sanjaykumar Shivabhai Patel has been awarded the Pravasi Bharatiya Samman Award for Business and Community Welfare.

Mr. Patel is the Chairman of the Indian Association in South Sudan. During the 2013-2018 ethnic strife in South Sudan, he showed extraordinary fortitude, resilience and humanity by running his supermarket, which earned him honour among the general population and the leadership.

His charitable activities have generated immense goodwill and fostered better understanding of India and Indians in South Sudan. He established and is managing the only Hindu temple in South Sudan at his own cost, thereby promoting Indian culture in the country.